मेमू ट्रेन चलने की सुगबुगाहट तेज

लखनऊ-हरदोई के बीच जल्द चलने के आसार, चार सालों से मेमू का सपना संजोए हैं लोग

अमर उजाला ब्यूरो

हरदोई। जिले वासियों का मेमू ट्रेन से सफर का सपना अब जल्द पूरा होता नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि मेमू ट्रेन संचालन के संबंध में रेलवे ने प्रयास शुरू कर दिए हैं। उम्मीद है कि अगले माह से जिले से लखनऊ तक मेमू ट्रेन संचालित कर दी जाए। हालांकि जिले वासी बीते चार वर्षों से लोग मेमू ट्रेन के संचालन का इंतजार कर रहे हैं। लेकिन अब इस पर मुहर लगने की संभावना जताई जा रही है।

हरदोई से लखनऊ के बीच मेमू ट्रेन के संचालन की आधारशिला पांच वर्ष पूर्व रखी गई थी और करीब चार वर्ष पहले मेमू ट्रेन के लिए इलेक्ट्रीफिकेशन का काम शुरू करा दिया। लखनऊ से शुरू होकर काम हरदोई तक पूरा होने में एक साल का वक्त गुजर गया जिसके बाद रेल संरक्षा आयुक्त ने हरदोई तक इलेक्ट्रिफिकेशन कार्य का निरीक्षण कर हरी झंडी भी दे दी थी और हरदोई से लखनऊ तक इलेक्ट्रिक इंजन के माध्यम से वापस गए थे। ऐसे में लोगों ने मेमू ट्रेन के संचालन को उम्मीद जताई थी लेकिन हरदोई से बरेली के बीच काम पूरा न होने की वजह से मेमू के संचालन पर प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई।

करीब ढाई वर्ष पूर्व यह भी सुनने को मिला कि लखनऊ से हरदोई रूट पर मेमू ट्रेन के संचालन का प्रस्ताव ही नहीं है जिससे लोगों के सपने टूटते नजर आए। मेमू के संचालन पर प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। लेकिन इसके बाद जिले के राज्यसभा सांसद नरेश अग्रवाल व सांसद ऊषा वर्मा के कई प्रयासों के बाद मेमू संचालन की उम्मीद जागी। जबकि कुछ दिन पूर्व राज्यसभा सांसद ने पत्र जारी कर जल्द मेमू संचालन का भरोसा भी जताया जिस पर ही अब मुहर लगने की पूर्ण संभावना जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि रेलवे मेमू संचालन की कवायद में लग गया है और उम्मीद है कि अगले माह से ट्रेन संचालित होने लगेगी। जिससे लोगों को काफी राहत मिलेगी।

मेमू संचालन के लिए तैयार इलेक्ट्रिक लाइन।

दैनिक और पैसेंजर यात्रियों को मिलेगी राहत

अमर उजाला ब्यूरो

हरदोई। लखनऊ से हरदोई के बीच मेमू ट्रेन का संचालन की सुगबुगाहट सुनते ही जिले के लोगों की बांछे खिली हुई हैं। लोगों का कहना है कि मेमू ट्रेन के संचालन होने से ट्रेन की किल्लत कम हो जाएगी और दैनिक तथा पैसेंजर के यात्रियों को बेहद राहत मिलेगी।

लोग मेमू ट्रेन के संचालन का बीते चार वर्षों से इंतजार करते आ रहे हैं लेकिन अब लोगों का सपना पूरा होते नजर आ रहा है। इस संबंध में जिले वासियों ने अपनी राय भी अमर उजाला से व्यक्त की। मेडिकल स्टोर संचालक



रमेश कुमार सिंह अनिल कुमार वर्मा मनीष गुप्ता मोहित भारद्वाज पुलकित।

रमेश कुमार सिंह ने कहा कि वैसे तो हरदोई से लखनऊ के बीच कई ट्रेन चलती हैं लेकिन 11 बजे के बाद से दो बजे तक कोई ट्रेन नहीं है। ऐसे में मेमू ट्रेन संचालित होने से काफी राहत मिलेगी।

मोबाइल दुकानदार अनिल कुमार वर्मा ने कहा कि सबसे अधिक दिक्कतों का सामना पैसेंजर के यात्रियों को करना पड़ता था। पैसेंजर ट्रेन लखनऊ तक सिर्फ एक ही है ऐसे में उक्त ट्रेन के लिए काफी भीड़ हो जाती है लेकिन अब मेमू चलने से पैसेंजर के यात्री किसी भी समय लखनऊ तक आ जा सकते हैं।

दुकानदार मनीष गुप्ता ने कहा कि दैनिक यात्रियों के साथ हमेशा ट्रेन को लेकर असमंजस की स्थिति बनी रहती है, अन्य ट्रेनें लंबे रूटों से आती है जो अक्सर लेट हो जाती हैं लेकिन मेमू ट्रेन का सुनिश्चित रूट है ऐसे में अधिक समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

छात्र मोहित भारद्वाज ने बताया कि उन लोगों को लखनऊ तक जाने के लिए अन्य ट्रेनों में अधिक पैसा भी खर्चा करना पड़ता है लेकिन जब मेमू ट्रेन संचालित हो जाएगी तो यह कम किराए और समुचित समय में हरदोई से लखनऊ के बीच सफर कराएगी। जो कि छात्रों की जेब पर भारी नहीं पड़ेगा। छात्र पुलकित ने कहा कि सुबह के समय लखनऊ से हरदोई के लिए दिन में दस बजे के बाद से दोपहर के ढाई बजे के बीच कोई ट्रेन नहीं है। ऐसे में मेमू संचालित होने से यह समस्या समाप्त हो जाएगी।